डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0,
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार,सीतापुर रोड, लखनऊ–226031

पत्रांकः ए0क0टी0यू0/प0नि0का0/2021/5232 दिनांक : 01/12/2021

सूचना

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/5206 दिनांक 22.11.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के क्रम में अवगत कराना कि विश्वविद्यालय का 19वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 16 दिसम्बर, 2021 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कोरोना महामारी के दृष्टिगत मात्र पदक धारक एवं पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समारोह में भाग लेने के लिये उन्हें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.aktu.ac.in पर उपलब्ध लिंक Regarding 19th AKTU Convocation 2021 Registration के माध्यम से अपने रोल नं0 एवं एनरोलमेंट नं0 के द्वारा Registration कराना आवश्यक है। उक्त के अतिरिक्त जिन छात्र/छात्रा का सीजीपीए 7.5 या उससे अधिक है वह भी उक्त लिंक पर Registration कराकर ''पहले आओ पहले पाओ'' जिसमें अधिकतम 500 छात्र/छात्राएं ही कोरोना महामारी के दृष्टिगत प्रतिभाग कर सकते हैं। साथ ही साथ यह भी सूचित करना है कि पदक धारक एवं पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य पंजीकरण करने वाले छात्र/छात्रों को शुल्क जमा होने के पश्चात ही पंजीकरण मान्य होगा।

यह भी अवगत कराना है कि सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकाल के अंतर्गत छात्र/छात्रा के साथ अभिभावकों को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित कराया जाना संभव नहीं होगा।

Anurag Tripathi 01/12/21
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निदेशक/प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त निजी क्षेत्र/राजकीय/घटक संस्थायें।
2. कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयु/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक